संक्षिप्त

बेजुबान पक्षियों के लिए गए परिंडे

श्रीमाधोपुर । ग्राम कुलडा का टीबा में बेजुबान पक्षी परिंडा महोत्सव सीता देवी तोषनीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता की प्रेरणा से राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय कुलडा का टीबा में बेजुबान पक्षी परिंडा महोत्सव मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता सपना जांगिड शिक्षिका अरनिया, मुख्य अतिथि शंकर लाल शर्मा इंचार्ज प्रधानाध्यापक डाबर का बालाजी ,विशिष्ट अतिथि प्रहलाद राव जांगिड़ श्री कृष्ण गौशाला व्यवस्थापक के सानिध्य में किया गया । बेजुबान पक्षियों के लिए 21 परिंडे लगाए गए तथा पांच अनाज दाना चुगा परिंडे लगाए गए । परिंडे विद्यालय परिसर इच्छापूर्ण शिव मंदिर परिसर श्री कृष्ण गौशाला परिसर आदि जगह लगाए गए। संस्था प्रधान महेंद्र कुमार शर्मा द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों व आगंतुकों के लिए भोजन व्यवस्था की गई। परिंडो में नियमित रूप से दाना पानी डालने की जिम्मेदारी राम दयाल सैनी स्टेट अवार्डी शिक्षक ने ली। इस मौके पर माली राम यादव, आशा यादव ,रामकिशोर सैनी, श्रीराम सैनी, रोहित यादव ,अनिल सैनी ,धन्नाराम मीणा, सीता राम यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर 7 को

दूदू। कस्बे में स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के पास जैन भवन में भगवान महावीर के जन्म कल्याण महोत्सव रामनवमी एवं हनुमान जयंती तथा अंबेडकर जयंती के अवसर पर राजस्थान जैन समाज जयपुर के तत्वाधान में जैन सभा शाखा दूदू के द्वारा शैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन 7 अप्रैल सोमवार को किया जाएगा अध्यक्ष पवन कुमार जैन अजमेर आने बताया कि पोस्ट का विमोचन दिगंबर जैन ब्लॉक समिति के अध्यक्ष विमल कुमार छाबड़ा द्वारा किया गया ज्ञानमती महिला मंडल की कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क किया जाकर रक्तदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है

121 कन्याओं का पूजन किया

देवली। यहां मानव सेवा संकल्प संस्थान ने शहर के पटेल नगर स्थित मन्दिर में 121 कन्याओं का पूजन कर भोजन करवाया हे । इस कार्यक्रम में नोरत मल गर्ग एवं सीता पारीक ने 11 कन्याओं को तिलक निकाल कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।संस्थान के भंवरलाल जांगिड़ द्वारा सभी कन्याओं को द्रव्य,फल देकर बिदा किया गया।कृष्ण कॉन्फेंसरी कि तरफ से सभी कन्याओं को कॉपी,पेंसिल बिस्किट के पैकेट भेंट किये गए। यह जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी संजय सेठी ने दी है। संस्थान के अध्यक्ष प्रेमचन्द शर्मा, संरक्षक लक्ष्मीकांत पारीक, महामंत्री अशोक कुमार दुबे, बद्रीलाल लाल चौधरी, किशन मित्तल, नेमकुमार सुराणा, अशोक मंडल, भंवरलाल जांगिड़, विशाल प्रतिहार, सुमित गौतम.सिद्धांत शर्मा सहित इत्यादि उपस्थित रहे।

वैश्य महासम्मेलन द्वारा 1001 परिंडों का निशुल्क वितरण

टोंक। दुर्गाष्टमी के पावन पर्व पर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन टोंक द्वारा 1001 परिंडों का आम जन को निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक खुशहाल जैन, राजेश बम्ब, उषा जैन, ममता अग्रवाल ने बताया कि संगठन द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मूक पंछियों की सेवार्थ आम जन राहगीरों को 1001 परिंडों का निशुल्क वितरण किया गया और सभी से आग्रह किया गया कि इस भीषण गर्मी में अपनी छत पर पंछियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था अवश्य नियमित रूप से करे।

किसान महापंचायत की बैठक आज

निवाई। किसानों के हितों में उठाए गए विभिन्न मुद्दों व जिला कलेक्टर को पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं होने से आंदोलन करने की रणनीति की तैयारी को लेकर सोमवार को कृषि उपज मंडी समिति टोंक में किसान महापंचायत की बैठक आयोजित होगी।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मंत्री भूपेंद्र यादव व संजय शर्मा ने भगवान श्रीराम के मंदिर का किया लोकार्पित

अलवर। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव व राज्य मंत्री संजय शर्मा ने रविवार को अलवर शहर के टेल्को चौराहे के समीप अपना घर शालीमार रेजिडेंसी में आयोजित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शिरकत कर करीब 5 बीघा में बनाए गए श्रीराम मंदिर का फीता काटकर लोकार्पित किया। और भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली कामना की।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राज्य मंत्री संजय शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर अलवर जिला पार्टी कार्यालय पर झंडा रोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया।

श्री राम मंदिर लोकार्पित के अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने जिले

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व राज्य मंत्री संजय शर्मा ने शालीमार रेजीडेंसी में भव्य श्री राम मंदिर का विधिवत फीता काटकर लोकार्पित किया।

वासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री राम मर्यादा एवं धर्मपरायणता के प्रतीक हैं। भगवान श्री राम का जीवन चरित्रा बंधुता व जीवमात्र की सेवा करने का संदेश देता है। यह भव्य मंदिर सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में बनाया गया है। चाहे सामाजिक कार्य हो, पारिवारिक कार्य हो या वैदिक पद्धित से विवाह के कार्यक्रम हो यहां सभी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए मंदिर

- अलवर शालीमार रेजिडेंसी में करीब 5 बीघा जमीन पर बनाया गया भव्य मंदिर

का निर्माण किया गया है। मंदिर निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री यादव ने निर्माण कर्ताओं का आभार भी व्यक्त किया।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि रामनवमी के त्योहार सनातन संस्कृति में सदियों से महत्व रहा है। यह त्योहार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। हमारे शास्त्रों के अनुसार इस दिन मर्यादा-पुरूषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हाल में पेश किए बजट में प्रदेश के विभिन्न मंदिरों के उन्नयन हेतु 101 करोड रूपये, मंदिर में भोग की राशि को बढाकर 3000 रुपए प्रतिमाह और पुजारियों का मानदेय 7500 रुपए प्रतिमाह करने की घोषणा की है।

इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाणा, पूर्व विधायक जयराम जाटव, बन्नाराम मीणा, पं. जलेसिंह, राजेन्द्र कसाणा, अशोक सैनी, अशोक वर्मा, विवेक प्रधान सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में श्रृद्धालु मौजूद रहे।

प.विद्याधर वीरबाई मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित रोशन हॉस्पिटल के शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान रामगढ विधायक सुखवंत सिंह भी मौजूद रहे। वन मंत्री शर्मा प्रीत बिहार एनईबी पार्क में रामनवमी के शुभ अवसर पर श्रीराम परिवार मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

आरोपी गिरफ्तार

बौंली-बामनवास। सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत बामनवास सर्किल इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल कांस्टेबल रणधीर व रामवीर सिंह की टीम ने 4 अप्रैल शुक्रवार को बामनवास थाना क्षेत्र के सीतापुरा गांव में एक महिला की हत्या कर फरार वांछित आरोपी रामनिवास बंजारा उम्र 28 वर्ष निवासी सीतापुरा थाना बामनवास को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बामनवास सर्किल इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि 4 अप्रैल को आरोपी ने संतरा देवी बंजारा पत्नी विजय सिंह निवासी सीतापुरा की डंडा मारकर हत्या कर दी एवं मौके से फरार हो गया, आरोपी की तलाश शुरू की गई एवं मुखबिर खास मामूर किए गए, 5 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर आरोपी रामनिवास बंजारा को भोमपुरा बालाजी मंदिर के पास नदी से दस्तयाब कर बाद अनुसंधान के गिरफ्तार किया गया है, जिसे अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा।

कालाडेरा में रामनवमी पर भगवा रैली धूमधाम से निकाली

चौमू / कालाडेरा । नगरपालिका कालाडेरा में रविवार को रामनवमी के पावन पर्व पर ऐतिहासिक भगवा रैली का आयोजन किया गया। कस्बे के धूलेश्वर महादेव मन्दिर प्रांगण से भगवान श्री राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण की जीवंत झांकी की की विधिवत पूजा अर्चना गोविन्दगढ डीवाईएसपी राजेश जांगिड़, कालाडेरा थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा, कालाडेरा संरपच अशोक शर्मा, समाज सेवी भगवान सहाय शर्मा के द्वारा तिलक लगाकर आरती उतार कर पूजा अर्चना कर भगवा रैली को प्रारंभ किया गया। भगवा रैली में ऊंट , घोड़े, डीजे, रानी लक्ष्मी बाई, शिव भोलेनाथ, वीर हनुमान की जीवन झांकी भी आकर्षण का केन्द्र रही। भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा भी भगवा रैली में साथ चल रही थी। भगवा रैली कस्बे के धूलेश्वर

कालाडेरा में रामनवमी के पावन पर्व पर ऐतिहासिक भगवा रैली का आयोजन किया।

महादेव मन्दिर प्रांगण से प्रारंभ होकर लुहारों का मोहल्ला, कुमावत का मोहल्ला होते हुए संस्कृत स्कूल होते हुये बस स्टैंड, योगी मोहल्ला, सुनारों का मोहल्ला, खटीक का मोहल्ला मंडी चौक होते हुए मेन बाजार, पंचायत भवन के सामने से श्री जी के मन्दिर, भगवान सत्यनारायण का मन्दिर होते हुए जांगिड़ मोहल्ला, पटवो का मोहल्ला होते हुए छीपो का मोहल्ला होते हुए, भगवा चौक होते हुए मस्जिद के सामने से होकर श्री राम दरबार मन्दिर प्रांगण में पहुच कर भगवा रैली का समापन हुआ।

भगवा रैली के दौरान भगवा चौक व भोमिया जी के मन्दिर के पास भव्य आतिशबाजी के साथ पशु वर्ष की साथ ही भगवा रैली में श्री राम के नारो के साथ डीजे पर भगवान राम के गानों पर लोग नाचते हुए चल रहे थे।

भगवा रैली के मार्ग पर जगह-जगह शीतल पेयजल की व्यवस्था भी ग्रामीणों ने कर रखी थी। भगवा रैली के दौरान जयपुर लाइन व गोविन्दगढ के सर्कल के थानों का जाप्ता मौजूद था। इस दौरान व्यापार मण्डल अध्यक्ष महेश योगी, गिर्राज दौसाया, मुकेश पंचोली, मुरारी चौबे, भगवान सहाय बागड़ा, अमित नागर, सतीश दौसाया, बुद्धि प्रकाश प्रजापत, हनुमान खोज, अमित शर्मा, दीपक जांगिड़, मोहन खत्री, दीपक शर्मा, मुकेश सामरिया, श्याम प्रधान, अजय सामरिया सहीत भगवा रैली में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

'भाजपा पार्टी में कार्यकर्ता मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री भी बनते हैं'

किशनगढ़बास। भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस अनाज मण्डी स्थित विधानसभा कार्यालय पर किशनगढ़ बास व मोठूका मण्डल द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने महापुरूषो के चित्रो पर पुष्प अर्पित किये और माल्यापर्ण कर किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष मनोज मित्तल ने की और विशिष्ठ अतिथि

- 6 से 13 अप्रैल तक मण्डलो में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता घर पर लगाएंगे पार्टी का झंडा

चैयरमैन प्रतिनिधि संतीश सिंहल, मोठूका मण्डल अध्यक्ष राजकुमार, जिला मंत्री आशा गुप्ता, रहमत खां मेवाती, जगदीश यादव रहे। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ बुजुर्ग कार्यकर्ता सरदार महेन्द्र सिंह का पार्टी का दुपट्टा एवं टोपी पहनाकर सम्मान किया। मण्डल अध्यक्ष मनोज मित्तल ने कहा भाजपा

स्थापना दिवस कार्यक्रम में वरिष्ठ बुजुर्ग कार्यकर्ता महेंद्र सिंह का सम्मान करते भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल।

कार्यकर्ताओं की पार्टी है जिसमें कार्यकर्ता मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री बनते हैं।

मित्तल ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत् किशनगढ़बास मण्डल का संयोजक जगदीश यादव, सहसंयोजक जगदीश शर्मा व तेजसिंह सैनी को बनाया है। स्थापना दिवस कार्यक्रम में 6 से 13 अप्रैल तक कार्यक्रम आयोजित होंगे आज स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ता अपने घरो पर पार्टी का झण्डा लगाकर फोटो सोशल मिडिया पर डालेंगे और स्थापना दिवस मनायेंगे। इस अवसर चैयरमेन प्रतिनिधि संतीश सिंहल ने सभी का आभार जताया एवं धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री जयसिंह सरदार, रमेश जांगिड़, रामजीत गुर्जर, जमील खां, दलीप लाल, स्वर्ण लाल, बस्तीराम यादव, जगदीश शर्मा, विनोद मिश्रा, एडवोकेट धर्मपाल यादव, निहाल बंटी, हारून खांन, सौदान सैनी, गिर्राज गुर्जर, निरंजन, रतनलाल, करतार सिंह, बाबूलाल प्रजापत, जसवंत यादव, मुबारिक खांन, आदि मौजूद रहे।न

अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना लक्ष्य : पवन मोदी

भाजपा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया।

सांभरझील, (निसं)। यहां पुरानी धान मंडी स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर आज भाजपा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। चेयरमैन बालकिशन जांगिड़ ने सांभर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार मोदी व पदाधिकारियों की मौजूदगी में पार्टी का झंडारोहण किया। भारत माता की जय व वंदे मातरम का उद्घोष किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए हमें सेवा सप्ताह के अंतर्गत अपने कार्य को अंजाम देना है। पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा ने आगामी नगर पालिका चुनाव में भाजपा का परचम लहराये जाने के लिए अभी से कमर कस कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने की बात कही। इस अवसर पर सांभर मंडल की बैठक सांभर प्रभारी आलोक जी के आतिथ्य में आहूत की गई तथा पार्टी की 6 अप्रैल 1980 में जनसंघ के बाद हुई स्थापना पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन विनोद सांभारिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र डांगरा, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र आसीवाल, वरिष्ठ नेता राधेश्याम शर्मा, कमला कुमावत, संयोजक वर्धमान, पूर्व पार्षद उपेंद्र वर्मा, सह संयोजक राजेश चंदेल, विधि प्रकोष्ठ के एडवोकेट उमाशंकर व्यास, सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

शौभायात्रा निकली

टोंक। श्रीराम नवमी के पर्व पर भव्य शौभायात्रा निकाली, जिसमें काफी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए, जिसमें भगवान राम के भजनों और जयकारों से पूरा शहर गूंजायमान हो गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल व पूर्व सांसद सुखबीर जौनापुरिया सहित भाजपा व हिंदू संगठनों से लोग भी जुलूस में शामिल हुए। शहर में कई झांकियों के साथ भव्य वाहन शौभायात्रा निकाली तथा विभिन्न प्रकार की धार्मिक झाकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा बड़ा कुआं, नौशे मिया का फुल, काफला बाजार, पांच बत्ती चौराहा, सुभाष बाजार, घंटाघर चौराहा, गांधी पार्क क्षेत्र, कंकाली माताजी मंदिर के सामने होते हुए दशहरा मैदान (हाट बाजार) पहुंची। जहां सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया, उसके बाद शोभायात्रा विसर्जित हो गई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, बीना जैन छामुनिया, अहिल्याबाई होल्कर राष्ट्र सेविका समिति सहित सुरक्षा की दृष्टि पुलिस प्रशासन मौजूद। इस शोभा यात्रा में भगवान राम, हनुमानजी, अहिल्या आदि की झंकियां आकर्षण का केंद्र रही।

भाजपा स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं में दिखा

श्रीमाधोपुर। भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर श्रीमाधोपुर क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित कर स्थापना दिवस मनाया। यह कार्यक्रम क्षेत्र के सभी मंडलों में मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान पार्टी की रीति-नीति, संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावी रणनीतियों को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के मूल सिद्धांतों पर चलने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का अव्हान किया।

विधानसभा प्रभारी व मंत्री पुत्र अजय सिंह खर्रा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है,जो राष्ट्रिहत को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में कार्यकर्ताओं

श्रीमाधोपुर क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित कर स्थापना दिवस मनाया।

की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है, और हर कार्यकर्ता को पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।कार्यकर्ताओं में स्थापना दिवस को लेकर जबरदस्त जोश और ऊर्जा देखने को मिली।

जैन भवन में कार्यक्रम संयोजक महेश कुमार शर्मा ने बताया कि जैन धर्मशाला में नगर पालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत की अध्यक्षता में आयोजन हुआ।पं. दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र समक्ष द्वीप प्रज्वलित तथा पुष्पांजलि अर्पित कर स्थापना दिवस मनाया गया।

शहर मंडल अध्यक्ष नटवर पारीक,उपाध्यक्ष ओंकार सिंह राठौड़, विष्णु मिश्रा,केसरी नंदन, ओम प्रकाश सैनी, जुगल चौधरी,सतीश कुमावत, कृष्ण कुमार सेठी, बनवारी सैनी, छाजू बिजारणियां, रौनक सैनी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

सेवानिवृत्त योगेश यादव का अभिनंदन

कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित चिंकारा कैंटीन में ऑनरेरी नायब सूबेदार पद से सेवानिवृत्त होने पर पवाना अहीर निवासी योगेश यादव का कैंटीन के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रवक्ता रामकरण यादव के नेतृत्व में यादव समाज द्वारा पैतृक ग्राम पवाना अहीर पंहुचने पर माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। चिंकारा कैंटीन प्रबंधक आनरेरी कैप्टन एम एल जाट व पूर्व प्रबंधक कर्नल आर एस यादव ने योगेश यादव के सेवा कार्यो व व्यवहार शैली की प्रशंसा करते हुये बधाई एवं शुभकामनायें दी।

भारतीय सेना में 23 वर्ष सेवा देने के बाद हवलदार पद से सेवानिवृत्त होने वाले योगेश यादव ने करीब 12 वर्ष व 05 वर्ष सेवायें दी। इस मौके पर हवलदार बाबूलाल यादव, ग्राम सहकारी समिति उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, हवलदार बिजेंद्र यादव, हवलदार सरदाराराम यादव, बाबूलाल यादव, बहादुरमल गुरूजी, सुबेसिंह यादव समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

सार-समाचार

गूंजा रामलला का जयकारा

पावटा। पावटा, प्रागपुरा सहित क्षेत्रों में रविवार को रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी पर हिंदू जागरण समिति व हिंदू उत्सव समिति पावटा प्रागपुरा द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से श्रीराम जन्मोत्सव पर पूरे लवाजमे के साथ भव्य शोभायात्रा व भगवा रैली निकाली गई। इस अवसर पर युवाओं, समेत बच्चों और महिलाओं में भी गजब का जोश दिखा। रामनवमी भव्य शोभायात्रा मे तरह तरह की झाकियो के साथ बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा कार्यक्रम के साक्षी बने। हिंदू उत्सव समिति पावटा के नेतृत्व में पावटा स्थित सीताराम मंदिर से गोपाल भैया महंत मोहनदास महाराज, मंदिर पुजारी वीरेंद्र, विनोद, मनीष, राहुल द्वारा व प्रागपुरा मे गूजेडा धाम मंदिर से महंत भगवत दास महाराज द्वारा भगवान राम की विधिवत पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा का शुभारम्भ किया गया। भगवान राम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा व भगवा रैली मे आस्था का जनसैलाब उमड़ा। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के प्रति अगाध विश्वास है। यही वजह है कि रामनवमी के दिन पूरा शहर राममय हुआ। वही सर्व समाज द्वारा जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत कर रामभक्तो के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। वही इस दौरान शोभा यात्रा व भगवा रैली में सुरक्षा दृष्टि को लेकर पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के दिशा निर्देशन में वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत के सुपरविजन व थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी, महिला पुलिस का जाप्ता नगर की सड़कों पर रहे। वही इस दौरान शोभा यात्रा व भगवा रैली में हिंदू उत्सव समिति पावटा व हिंदू उत्सव समिति प्रागपुरा के आयोजकों सहित जनप्रतिनिधि व हज़ारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

क्षतिग्रस्त सड़क से आमजन परेशान

कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड़ पर क्षतिग्रस्त सडक से आमजन को भारी परेशानी हो रही है। लोगों द्वारा तीन दिनों से लगातार सडक पर स्वयं के खर्चे से गड्डे भरने का कार्य किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता रतन लाल शर्मा ने बताया कि डाबला रोड़ पर नारायण गार्डन के पास लगभग एक-एक फीट के गहरे गड्डे हो रहे है। जिसकी वजह से कई बार दुर्घटना घट चुकी है। डाबला रोड़ पर क्षतिग्रस्त सडक को लेकर कई बार आन्दोलन किये जा चुके है। लेकिन अधिकारियों द्वारा झुठे आश्वासन दिये जा रहे है। रोड़ पर कई जगह पूरी पट्टी ही क्षतिग्रस्त है, जिससे किसी अनहोनी की सम्भावना बनी रहती है। इस दौरान संदीप, कैलाश सैनी, सुरेश सैनी, संजीव शर्मा, प्रदीप स्वामी, रोशन सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

राजपूत समाज ने किया शस्त्र पूजन

निवाई। राजपूत समाज के तत्वावधान में मीराबाई बालिका छात्रावास में शस्त्र पूजन किया गया। दशरथसिंह चौहान पलेई ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधि विधान के साथ शस्त्र पूजन किया गया जिसमें राजपूत के कई लोगों ने भाग लिया और माता रानी की पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि समाज के अनेक मुद्दों पर भी चर्चाएं की गई। इस अवसर पर तीरंदाजी एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष दीपेंद्रसिंह पथराज, डॉ. तेजभंवर सिंह राठौड़, गोविंदसिंह चौहान, नटवरसिंह राठौड, देवराज सिंह, प्रेमसिंह राजावत, महावीर सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, भंवरसिंह राजावत, नवलसिंह राजावत, भानुप्रताप सिंह, राजेंद्रसिंह, दीपेंद्रसिंह, गोपालसिंह, कानसिंह व जितेंद्रसिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

उपमुख्यमंत्री को किया आमंत्रित

निवाई। गांव नटवाडा में श्री बद्री विशाल भगवान के सान्निध्य में 108 कुंडिये शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भाग लेने के लिए राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री राजकुमारी दीया कुमारी को नटवाड़ा सरपंच नीता कंवर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आमंत्रित किया। सरपंच नीता कंवर ने बताया कि श्री बद्री विशाल भगवान के सान्निध्य में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी आतिथ्य में आयोजित होने वाले 108 कुंडिये शत चंडी महायज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान सरपंच नीता कंवर ने श्री बद्रीनाथ जी मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु बजट आवंटित करने के लिए उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आत्मीय भेंट की।

कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित

फुलेरा । कस्बे की सांभर बाईपास रोड़ स्थित प्रजापति फार्म हाऊस पर शनिवार को चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक धर्मप्रेमी एवं समाजसेवी धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम बालाजी के मन्दिर पर गोविन्द शर्मा एण्ड पार्टी के द्वारा सुन्दरकाण्ड का संगीतमय पठन किया गया। इसी क्रम वहीं टी-सीरीज के कलाकार कमलेश शर्मा के द्वारा बालाजी और माता रानी के प्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात महाआरती कर कन्या पूजन करते हुए उन्हें प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर दामोदर प्रजापति, हर्षित प्रजापति, दक्ष, कार्तिक, नेमी चन्द प्रजापति, श्रवण कुमार, पंकज प्रजापति, आशीष, जुगल किशोर शर्मा, राजेन्द्र कुमावत, विनोद कुमावत, कमला देवी, प्रेम देवी, संगीता देवी, मुन्नी देवी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

यजमानों ने 54 हजार आहुतियां दीं

मनोहरपुर। नवलपुरा ग्राम पंचायत के बालाजी धाम में 21 कुंडात्मक श्री सीताराम महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञशाला को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया और मंदिर परिसर में मासी भजन गायक इंद्राज गुर्जर, जयराम ठेगला, प्रकाश चंद गुर्जर, गंगाधर यादव आदि कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।इस दौरान यज्ञ के शिखर कलश की बोली 51 सौ रुपए से शुरू होकर 3.11 लाख तक पहुंच गई।

स्थापना दिवस आयोजित

टोंक। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय जन सेवा संवाद केंद्र पर भाजपा का 46वां स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें चौहान ने पार्टी कार्यालय में झंडा फहराया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है, कार्यकर्ता का सम्मान और स्वाभिमान सदैव सर्वोपरि होता है क्योंकि उसके ही त्याग, तपस्या, परिश्रम और समर्पण व कर्मठता से आज भाजपा का विशालतम स्वरूप है।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री विष्णु मेहता पुत्र स्वर्गीय श्री भागीरथ मल यादव उर्फ श्री भागीरथ मल मेहता, निवासी 206, जगन्नाथपुरी, कालवाड़ रोड, जयपुर-302012 (राज.) हाल निवासी 39, मेहता नगर, 9 दुकान, कालवाड़ रोड, जयपुर-302012 (राज.) स्वयं के पिताजी श्री भागीरथ मल मेहता पुत्र स्वर्गीय श्री मोती राम मेहता के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति आवासीय प्लाट नम्बर 39, मेहता नगर, ग्राम बाढ़ पीथवास, 9 दुकान कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल 260. 03 वर्गगज है जो कि निर्मित अवस्था में है तथा जिसे मेरे मुवक्किल श्री विष्णु मेहता एवं उनके पिताजी श्री भागीरथ मल मेहता उर्फ श्री भागीरथ मल यादव पुत्र स्वर्गीय श्री मोती राम मेहता ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिसके ऋण खाते क्रमश (1) ऋण खाता सख्या 624557152 एवं (2) ऋण खाता सख्या 624946086 है, उक्त श्री भागीरथ मल मेहता उर्फ श्री भागीरथ मल यादव पुत्र स्वर्गीय श्री मोती राम मेहता का स्वर्गवास 10.08.2024 को हो चुका है तथा श्री भागीरथ मल मेहता उर्फ श्री भागीरथ मल यादव की माताजी श्रीमती केसरी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री मोती राम मेहता का स्वर्गवास दिनांक 20.08.1962 को हो चुका है, श्री भागीरथ मल मेहता उर्फ श्री भागीरथ मल यादव पुत्र स्वर्गीय श्री मोती राम मेहता के हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान में श्रीमती प्रभा देवी पत्नी स्वर्गीय श्री भागीरथ मल यादव उर्फ श्री भागीरथ मल मेहता, श्री मनोज मेहता पुत्र स्वर्गीय श्री भागीरथ मल यादव उर्फ श्री भागीरथ मल मेहता, श्री विष्णु मेहता पुत्र स्वर्गीय श्री भागीरथ मल यादव उर्फ श्री भागीरथ मल मेहता तथा श्रीमती प्रियंका मेहता पत्नी श्री धर्मवीर सिंह पुत्री स्वर्गीय श्री भागीरथ मल यादव उर्फ श्री भागीरथ मल मेहता है, इनके अलावा स्वर्गीय श्री भागीरथ मल मेहता उर्फ श्री भागीरथ मल यादव पुत्र स्वर्गीय श्री मोती राम मेहता का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नहीं है, चूंकि मेरे मुवक्किल एवं उनके पिताजी श्री भागीरथ मल मेहता उर्फ श्री भागीरथ मल यादव पुत्र स्वर्गीय श्री मोती राम मेहता के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच. डी.एफ.सी. लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरे मुवक्किल स्वयं के पिताजी श्री भागीरथ मल मेहता उर्फ श्री भागीरथ मल यादव पुत्र स्वर्गीय श्री मोती राम मेहता के स्वामित्व की उक्त अचल सम्पत्ति के समस्त मूल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) सी-25, भगवान दास रोड, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहते है, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अवधि समाप्ति के पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरे मुवक्किल के विरुद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी। जयपुर (श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट, 6/48, मालवीय नगर, दिनांक-04/04/2025 जयपुर, मोबाईल-9829218044

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय SDO स्थान मौजमाबाद जिला जयपुर
गणेश बनाम तहसीलदार वगै.
वाद/ प्रार्थना पत्र 128 L. R. ACT
प्रार्थना-पत्र संख्या 9/2025
प्रार्थना-पत्र बाबत् पत्थरगढ़ी

1. ईशु पुत्री चिमनलाल जाति अहीर निवासी हीरापुरा तहसील जयपुर जिला जयपुर
2. खुशी पुत्री चिमनलाल जाति अहीर निवासी हीरापुरा तहसील जयपुर जिला जयपुर
3. तानिया पुत्री चिमनलाल जाति अहीर निवासी हीरापुरा तहसील जयपुर जिला जयपुर
4. नेहा पुत्री चिमनलाल जाति अहीर निवासी हीरापुरा तहसील जयपुर जिला जयपुर
5. सुनिता पत्नी चिमनलाल जाति अहीर निवासी हीरापुरा तहसील जयपुर जिला जयपुर
6. ग्यारसी देवी पत्नी जीवणराम जाति जाट निवासी महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर
7. रतनी देवी पत्नी श्रवणलाल जाति जाट निवासी महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर
8. रामप्यारी पत्नी मोतीराम जाति जाट निवासी महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर
9. सरजू देवी पत्नी रामनाथ जाति जाट निवासी महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर
10. कालूराम पुत्र जीवणराम जाति जाट निवासी महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर
11. मेवाराम पुत्र मोतीराम जाति जाट निवासी बोराज तहसील मोजमाबाद जिला जयपुर
12. रामनाथ पुत्र लादूराम जाति जाट निवासी महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर
13. लालाराम पुत्र जीवणराम जाति जाट निवासी महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर
14. श्योजीराम पुत्र मोतीराम जाति जाट निवासी महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर
15. श्रवणलाल पुत्र लादूराम जाति जाट निवासी महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर
16. तहसीलदार मौजमाबाद तहसील मौजमाबाद जिला जयपुर

प्रार्थी गणेश पुत्र रामप्रताप जाति अहीर निवासी हीरापुरा जिला जयपुर ने इस न्यायालय में पत्थरगढ़ी बाबत् यह आवेदन किया है

अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए **दिनांक 24 माह 04 सन् 2025 को 10:00 पूर्वान्ह** में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 03 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत 1814 03.04.25

न्यायालय
उपखण्ड अधिकारी
मौजमाबाद जिला जयपुर